
हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

2 सिरदार देव पर आस्था : सेमरा (सि) में आज दिवाली, ...


4 संघ भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में ...




## खबर संक्षेप

### भखारा-भटेली में कौशल प्रशिक्षण शिविर 15 को

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण शिविर के लिए नगरपंचायत भखारा-भठेली में 15 अक्टूबर बुधवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके।

### भानपुरी में कबड्डी 24 को

**धमतरी।** ग्राम भानपुरी में राज्यस्तरीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता 24 अक्टूबर शुक्रवार को रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 15001रु., द्वितीय 10001 रु., तृतीय पुरस्कार 7001 रु. एवं प्रवेश शुल्क 501रु. रखा गया है। इसी प्रकार बेस्ट कैचर में होम थिएटर, बेस्ट रेडर के लिए एलईडी टीवी और ऑलराउंडर के लिए रेंजर साइकिल का पुरस्कार रखा गया है।

### लीलर में बैटरी चोर सक्रिय, कार्रवाई की मांग

**कुकरेल(धमतरी)।** अर्जुनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लीलर में बैटरी चोरी करने वाले सक्रिय हो गये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लीलर निवासी मानसिंग मण्डावी सिन्हा के घर के पास खड़ी ट्रैक्टर की बैटरी, पाना पेंचिस, लोहे का पट्टा, जैक एवं जैक राड की शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। रविवार की रात दीपक सिन्हा की ट्रैक्टर की दो बैटरी को ले गए। चोरों ने मानसिंग मण्डावी की ट्रैक्टर ट्रॉली के पिछले पहिए में कील मारकर पंचर कर दिया है। पीड़ितों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

रिमाण्ड पर जेल भेजे गए सभी आरोपी, कोतवाली व सिहावा पुलिस की कार्रवाई

# फर्जी सिम कार्ड जारी करने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

फर्जी पहचान पत्र व बिना उचित सत्यापन के सिम कार्ड जारी करने के तीन अलग-अलग मामलों में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। एसपी के निर्देशन में पुलिस की यह बड़ी कार्रवाई है।

पुलिस के अनुसार फर्जी सिम कार्ड जारी करने का पहला मामला सिटी कोतवाली का है। एक वर्ष पूर्व मई-जून 2024 में रविन्दर सिंह आजमानी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका आधार कार्ड, बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट एवं लाइव फोटो लेकर नागेन्द्र साहू पिता होमलाल उम्र 26 वर्ष गौरा चौरा लालबगीचा धमतरी निवासी ने उसके नाम से एयरटेल कंपनी का



फर्जी सिम कार्ड जारी किया था। आरोपी के खिलाफ धारा 319(2), 318(4) बीएनएस एवं 42(3)(ई) टेलीकम्युनिकेशन एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। दूसरे प्रकरण में उमेश साहू पिता द्वारिका उम्र 24 वर्ष ग्राम इर्रा थाना भखारा व वासुदेव साहू उर्फ वासु पिता उमाकांत 28 वर्ष विंध्यवासिनी वार्ड धमतरी निवासी को पीओएस आपरेटर के रूप में कार्य करते हुए फर्जी पहचान पत्र के आधार पर सिम कार्ड जारी करने में संलिप्त पाया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 3(5) बीएनएस एवं 66(सी) आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। इसी तरह तीसरी कार्रवाई सिहावा पुलिस ने



की है। पुलिस ने जांच में पाया कि अनिल कुमार साहू पिता लिखन लाल उम्र 21 वर्ष नवागांव वार्ड थाना बोराई निवासी द्वारा बिना वैधानिक सत्यापन किये बिना पहचान पत्रों के आधार पर पीओएस फर्जी सिम कार्ड जारी किया जा रहा था, जिससे दूरसंचार सुरक्षा व्यवस्था को खतरा उत्पन्न हो रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 66(सी) आईटी एक्ट एवं 42(3)(ई) टेलीकम्युनिकेशन एक्ट 2023 के तहत अपराध दर्ज किया गया। जांच में अपराध प्रमाणित होने पर पुलिस ने आरोपी नागेन्द्र साहू, उमेश साहू व वासुदेव साहू उर्फ वासु तथा अनिल साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। आरोपी नागेन्द्र के कब्जे से 1 नग पीओएस सिम, 1 नग वन प्लस टी मोबाइल व 1 नग फिंगर प्रिंट मशीन जब्त की है।

### पुलिस की अपील व चेतावनी

फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सिम कार्ड जारी करना व लेना गंभीर अपराध है। सत्यापन के बिना सिम कार्ड जारी करने या उपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आमजनों को संदेश दिया है कि साइबर व दूरसंचार अपराधों पर जीरो टालरेंस की नीति फर्जीवाड़ा करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी है। पुलिस ने साइबर अपराधों की सूचना नजदीकी थाना व साइबर हेल्पलाइन नं. 1930 में देने की अपील की है।

### फर्जी सिम का म्यूल एकाउन्ट में उपयोग

साइबर धोखाधड़ी के मामले में म्यूल एकाउन्ट और पीओएस एजेन्टों द्वारा जारी फर्जी सिम कार्ड का उपयोग चिंताजनक रूप से बढ़ रहा है। अपराधी अब अपना वास्तविक पहचान छिपाने के लिए म्यूल खातों-दूसरों के खातों का सहारा ले रहे हैं। इन खातों का उपयोग अपराधी अवैध लेन-देन, ठगी से प्राप्त धनराशि का ट्रांसफर तथा मनी लांड्रिंग जैसे कार्यों में करते हैं। इन अपराधों में सहायता के लिए फर्जी सिम कार्ड का व्यापक रूप से प्रयोग किया जा रहा है जिन्हें कुछ पीओएस एजेन्ट बिना उचित सत्यापन प्रक्रिया का पालन किये जारी कर देते हैं। यह सिम कार्ड अपराधियों के फर्जी कॉल करने, ओटीपी चोरी करने और धोखाधड़ी वाले आनलाइन लेन-देन को अंजाम देने में मदद करता है।

कुकरेल में करीब 150 परिवार जमीन खाली करने के नोटिस से हुए परेशान

# वन विभाग में मर्ज जमीन को पुनः राजस्व जमीन घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत कुकरेल के ग्रामीणों ने वन भूमि में मर्ज जमीन का पुनः परिसीमन कर उसे राजस्व भूमि घोषित करने की मांग कलेक्टर से की है। सोमवार को कलेक्टर दरबार पहुंचे कुकरेल के ग्रामीणों ने कहा है कि रायपुर जिला के समय ग्राम कुकरेल था। उस समय राज्य सरकार ने 31 मार्च 1955 को खसरा नंबर 353/62 की जमीन को निस्तारी के लिए आवंटित किया था। वर्तमान में उक्त भूमि पर काबिज लोगों के दादा-परदादा झोपड़ी बनाकर अपना जीवन यापन करते आ रहे हैं। जैसे- जैसे आबादी बढ़ती गई वहां मकान, दुकान की संख्या



बढ़ती गई। वर्तमान में करीब 150 परिवार मकान, दुकान बनाकर अपना जीवन बसर कर रहे हैं। जब गंगरेल बांध का निर्माण हुआ तब गांव की निस्तार भूमि को वन विभाग में मर्ज कर दिया गया। अब वन विभाग नोटिस थमाकर मकान , दुकान खाली करने ग्रामीणों को मानसिक रुप से परेशान कर रहा है। वन अधिकार के तहत ग्राम पंचायत ने सामुदायिक दावा प्रस्तुत किया है। वन अधिकारियों ने स्थल सर्वे किया लेकिन चिन्हांकित नक्शा में हस्ताक्षर नहीं किया। इससे सामुदायिक दावा अपूर्ण पड़ा है। वन विभाग इसे अपनी जमीन बताता है। पूर्व में वह राजस्व जमीन थी। निवासरत परिवारों पर विभागीय कार्रवाई होने पर करीब 150 परिवारों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। ग्रामीणों ने वन विभाग में मर्ज पूर्व की राजस्व जमीन का पुनः परिसीमन कर चंदा मुनारा हटाकर वापस राजस्व भूमि में दर्ज करने की मांग की है। ग्रामीणों ने उचित कार्रवाई होते तक वन विभाग के किसी भी कार्य पर रोक लगाने को कहा है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से ग्रामीण अध्यक्ष शंकरलाल, उमाकुमार, लीलेश्वर, रमऊ सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# गांजा बेचते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अलग-अलग स्थानों पर गांजा की अवैध बिक्री कर रहे दो आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

पुलिस को मुखबिर से अटल आवास सोरिद के पास थैले में गांजा रखकर बिक्री करने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल सोरिद के लिए रवाना हुई। मुखबिर के बताए अनुसार लगभग 35 साल का युवक को थैले में अवैध रूप से मादक पदार्थ ग्राम रख उसकी बिक्री करते पाया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक से पूछताछ की। युवक ने अपना नाम संतोष ध्रुव पिता रामस्वरूप उम्र 35 वर्ष टिकरापारा निवासी बताया। तलाश लेने पर




संदेही के कब्जे से 248 ग्राम अवैध गांजा कीमत 2500 रुपए व बिक्री रकम 60 रुपए कुल कीमत 4560 रुपए जप्त किए गए। पुलिस ने कोतवाली में धारा 20/ख नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी संतोष ध्रुव को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

इसी तरह मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने दूसरी रेड कार्रवाई आमातालाब रोड स्थित सामुदायिक भवन के पास की जहां एक युवक अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस को देख गांजा खरीदने वाले भाग गए। पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही को पकड़कर पूछताछ की। संदेही ने अपना नाम किशन निषाद पिता रामकुमार उम्र 23 वर्ष सोरिद निवासी बताया। तलाशी के दौरान संदेही के कब्जे से 290 ग्राम अवैध गांजा कीमत 2900 रुपए बिक्री रकम 90 रुपए कुल 2990 रुपए जब्त किए गए। सिटी कोतवाली में धारा 20/ख नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्जकर आरोपी किशन निषाद को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

# सिर दर्द का बहाना कर स्कूल में सो जाती है शिक्षिका

■ पटौद के ग्रामीणों ने की ट्रांसफर की मांग अन्यथा होगी तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डुबान क्षेत्र के ग्राम पटौद में पदस्थ शिक्षिका के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। बच्चों के प्रति खराब व्यवहार की शिकायत जनदर्शन में कर शिक्षिका को हटाने की मांग कलेक्टर से की। एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं होने पर स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी दी है।

गंगरेल डुबान क्षेत्र के ग्राम पटौद से सोमवार को कलेक्टर दरबार पहुंचे ग्रामीण दिनेश मरकाम, भागवतराम, संतोष मरकाम, धनेश्वरी, विरेंद्र, चंद्रशेखर, सूरज, कमलेश आदि ने कलेक्टर के नाम



सौंपे ज्ञापन पत्र में कहा है कि प्राथमिक शाला पटौद में पदस्थ शिक्षिका बच्चों से अभद्र व्यवहार करती है। वह धमतरी से 45 किमी का सफर कर रोज स्कूल पहुंचती है। स्कूल पहुंचकर सिर में दर्द का बहाना बनाकर सो जाती है। शाला प्रबंधन समिति की बैठक में आय-व्यय की जानकारी भी नहीं देती है।

ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में एक शिक्षिका पदस्थ हुई थी, वह भी उक्त शिक्षिका के व्यवहार से तंग आकर अपना ट्रांसफर अन्यत्र कराकर चली गई। शिक्षिका के गलत व्यवहार की शिकायत गत वर्ष भी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त शिक्षका को हटाकर दूसरे शिक्षक की नियुक्ति एक सप्ताह के अंदर की जाए। उनकी मांग पर सुनवाई नहीं हुई तो स्कूल में ताला लगाकर चाबी कार्यालय को सौंप दी जाएगी।

### शिक्षा सेवा प्रदाता नियुक्ति की मांग

ग्राम पंचायत अरौद डुबान के सरपंच श्री नेताम, ग्राम पटेल गजानंद, स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष रामकृष्ण ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि शासकीय हाईस्कूल अरौद (डुबान) में विज्ञान, अंग्रेजी तथा हिन्दी विषय के शिक्षक नहीं है। पद रिक्त होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। गिरते शैक्षणिक स्तर तथा बच्चों के भविष्य को देखते हुए अतिशीघ्र शिक्षा सेवा प्रदाता शिक्षकों की नियुक्ति की जाए।

नगरी ब्लाक के ग्राम मसानडबरा में पिछड़ी जनजाति कमारों के लिए बनाई जा रही कॉलोनी

# सीएम ने कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में धमतरी जिले की कार्यप्रणाली की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय (महानदी भवन) में रविवार को आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस 2025 में सुशासन, पारदर्शिता और जनहित के नए मानक स्थापित किए गए।

बैठक में मुख्य सचिव विकास शील, विभागीय सचिव, संभागायुक्त एवं सभी जिलों के कलेक्टर उपस्थित रहे। श्री साय ने धमतरी जिले के कार्यों की विशेष सराहना की। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजातियों के ग्राम विकास कार्यों में धमतरी द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए अन्य जिलों को धमतरी से प्रेरणा लेने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जनमन योजना तथा स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की भी समीक्षा की और धमतरी में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के प्रयासों पर



प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने आगामी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों का भी जायजा लेते हुए किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

मालूम हो कि धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित गांव मसानडबरा में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए पक्के मकान बनाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल सके। यह पहल कमार जनजाति के रहन-सहन और मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। यह देश की दूसरी और छत्तीसगढ़ की पहली पीएम जनमन आवास कॉलोनी है। यह कॉलोनी विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए बनाई जा रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, योजना अंतर्गत 1481 आवास स्वीकृत, अब तक 982 आवास पूर्ण हो चुके हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पोषण अभियान और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

सवा लाख से आगे निकला सोना, डेढ़ लाख तक पहुंचने का अनुमान

# दिवाली से पहले लगी सोने-चांदी की कीमत में आग

■ चांदी में लगातार बढ़त जारी, बिक रही पौने दो लाख रुपए प्रति किग्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दिवाली से पहले सोने- चांदी में आग लगी हुई है। दाम डेढ़ गुना से ज्यादा बढ़ गए हैं। दाम बढ़ने से बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। दिवाली के सीजन में भी ज्वेलरी शॉप सूने हैं। विशेषज्ञों की माने तो दिवाली के बाद उछाल और ज्यादा होगा। सोना डेढ़ लाख रुपए प्रति दस ग्राम तक जा सकता है। चांदी दो लाख रुपए प्रति किग्रा तक पहुंचेगी।

लक्ष्मी माता को प्रसन्न करने का त्योहार दिवाली पर बाजार में रौनक छाई रहती है। दिवाली की यह रौनक त्योहार से कई दिन पहले शुरू हो जाती है। धनतेरस से बाजार में बूम



### 50 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी

किरण ज्वेलर्स के संचालक ललित बरडिया ने बताया कि सोने के दाम में 45 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। अभी यह 1 लाख 30 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम बिक रहा है। वहीं चांदी की कीमत में 60 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। यह अभी प्रति किग्रा 1 लाख 75 हजार रुपए में बिक रही है। महंगाई के कारण ज्वेलर्स मार्केट फिलहाल ठंडा है। उन्होंने बताया कि सोने, चांदी में उछाल का यह दौर आगे भी जारी रहेगा।

आता है। खासकर सोने चांदी के गहनों की खरीदी होती है लेकिन इस साल सोने, चांदी के दाम इतने बढ़े हुए हैं कि लोगों ने इनके गहनों से दूरी बना ली है। दिवाली का त्योहार मात्र एक सप्ताह ही बचा है। इसके बाद भी ज्वेलरी बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। उधर सोने- चांदी की कीमतों में उछाल देखकर बड़े इंवेस्टर अलर्ट हो गए हैं। जमीन की जगह अब वे सोना- चांदी में इंवेस्ट कर रहे हैं पर इसका प्रभाव ज्वेलरी मार्केट में नहीं दिख रहा है।

### डिमांड ज्यादा, इसलिए महंगाई

संकेत ज्वेलर्स के संचालक निर्मल बरडिया ने बताया कि वैश्विक अस्थिरता के कारण सोना, चांदी उछाल पर है। चांदी का शार्टेज काफी ज्यादा है। अधिक दाम में भी यह मिल नहीं रही है। उन्होंने बताया कि मोबाइल सर्किट, सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक स्कूटर जैसे इलेक्ट्रानिक आइटमों में चांदी का उपयोग हो रहा है। इन उपकरणों का उपयोग काफी अधिक हो रहा है, ऐसे में चांदी की खपत भी बढ़ी है। दाम बढ़ने और शार्टेज का यह भी एक कारण है।

### ट्रंप का टेरिफ भी है कारण

सोने- चांदी में उछाल का प्रमुख कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। ट्रंप द्वारा अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर लगाया गया टेरिफ भी इसका कारण है। आर्थिक विश्लेषकों की माने तो वैश्विक अस्थिरता के साथ केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीदारी और ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद के कारण निवेशकों के बीच सोने की डिमांड बनी हुई है। कमजोर अमेरिकी डॉलर ने दूसरी मुद्राओं में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए सोना को अधिक किफायती बना दिया है, जिससे मांग को बढ़ावा मिला है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ता तनाव सोने को लगातार उछाल दे रहा है।

# एग्री स्टेक पंजीयन से वंचित किसानों का धान खरीदने की मांग

■ छग किसान यूनियन ने चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है। यूनियन के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, रामविशाल साहू, सुदर्शन ठाकुर, दीनदयाल, प्रेमलाल साहू, पूरणलाल, रघुनाथ ने कहा है कि राजस्व टेक्निकल फॉल्ट के कारण किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं हो पा रहा है। ऐसे किसानों के धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाए। 1 नवंबर से किसानों की संपूर्ण उपज की खरीदी तथा समर्थन मूल्य पर बारहों माह खरीदने, केंद्र सरकार द्वारा धान के मूल्य में की गई प्रति क्विंटल बढ़ोतरी राशि को 3100 रुपए के साथ जोड़कर प्रति क्विंटल 3280 रुपए में खरीदने, बीज निगम द्वारा की गई चना खरीदी की राशि शीघ्र देने की मांग की है।



पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### छात्र-छात्राएं सीख रहे तकनीकी ज्ञान

**कुकरेल(धमतरी)।** आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय हायर सेकेंडी स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र छात्राओं द्वारा रसायन में प्रतिदिन प्रायोगिक कार्य करते हुये तकनीकी शिक्षा की बारीकियां सीख रहे हैं। विगत दिनों रसायन विज्ञान विषय के शिक्षक त्रिलोकचन्द साहू के मार्गदर्शन में रसायन में बच्चों का आयातनात्मक विश्लेषण कराया गया। बच्चे प्रतिदिनइस प्रकार का प्रयोग करके रसायन की बारीकियां को सीख रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार श्रीवास ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। यह जानकारी शिक्षक हेमंत कुमार साहू ने दी।

### कोसम साहित्य महोत्सव में रूद्र को मिला वागिश सम्मान

**जगदलपुर।** कोरिया बैकुंठपुर में कोसम साहित्य महोत्सव में नगर के वरिष्ठ रंगकर्मी, लेखक व साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही को वागीश सामान से नवाजा गया। यह सम्मान साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने प्रदान किया।

### विद्युत लाइन में कबूतर चिपकने से बंद हुई बिजली

**जगदलपुर।** शहर के मेन रोड में विद्युत लाइन पर रविवार की शाम को अचानक कबूतर पहुंच और लाइन में चिपक गया। इसके चलते अचानक बिजली बंद होने से उपभोक्ताओं ने बिजली बंद होने की सूचना पॉवर हाऊस को सूचना दी।

## निधन

### यशवंत साहू



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम बागतराई निवासी यशवंत साहू 71 वर्ष का 12 अक्टूबर रविवार को निधन हो गया। वह पूनाराम साहू एवं गोविंद साहू के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

त्योहार मनाने दूर-दूर से पहुंचेंगे लोग, होंगे विविध कार्यक्रम

# सिरदार देव पर आस्था : सेमरा (सि) में आज दिवाली, कल होगी गोवर्धन पूजा





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

धमतरी जिले के ग्राम सेमरा (सि) में दिवाली पर्व की शुरुआत हो गई है। सप्ताह भर पहले त्योहार मना लेने की अपने वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार ही रात में गौरा जागरण की रस्म अदायगी के साथ आज की रात मां लक्ष्मी की पूजा व दूसरे दिन गोवर्धन पूजा होगी। इस अवसर पर गांव में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

पूरे देश में दिवाली 22 अक्टूबर को मनाई जाएगी लेकिन धमतरी जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर भखारा तहसील के सेमरा-सी में पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार ग्रामीण 14 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा व 15 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा कर दीपोत्सव मनाएंगे। गौरा-गौरी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। गांव में सुख-समृद्धि बनी रहे यही सोचकर यह परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए पर्व के दोनों दिन छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। 14 अक्टूबर गुरुवार लक्ष्मी पूजा की रात नवा किरण छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भंवरपुर (डोंगरगढ़) तथा 15 अक्टूबर को जय सूर्य नाचा पार्टी रानीदहरा (कवर्धा) का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम होगा। दीपावली पर्व मनाने के बाद यहां के ग्रामीण निर्धारित तिथि अनुसार धनतेरस व नरक चतुर्दशी में दीप जलाएंगे।

### अनहोनी से बचने पहले ही ग्रामीण मना लेते हैं त्योहार

सरपंच छबिलेश सिन्हा, ग्रामीण कामता निषाद, उमेश देवांगन, गजेंद्र सिन्हा ने बताया कि दीपावली के अलावा हरेली, होली, पोला कुल चार पर्व एक सप्ताह पहले मनाते हैं। सबसे पहले सिरदार देव की पूजा करते हैं। फिर त्योहार मनाते हैं। वैसे तो पर्व मनाने के पीछे कई कारण है। एक साथ त्योहार मनाने से अनहोनी घटनाएं होनी की आशंका रहती है। इसलिए पहले ही मना लेते हैं। परंपरा अनुसार बरसों से लक्ष्मी पूजा यानी दीपावली और गोवर्धन पूजा पहले और धनतेरस, नरक चतुर्दशी जब सभी गांव के लोग मनाते हैं, तब मनाया जाता हैं।

### ग्राम देवता सिरदार को प्रसन्न करने चली आ रही परंपरा

किवदंती के अनुसार लगभग 1200 की जनसंख्या वाले इस गांव में सैकड़ों साल पहले एक बुजुर्ग आया और यहीं बस गया। उनका नाम सिरदार था। गांव वालों को उनमें आस्था थी। इसलिए ग्राम देवता के रूप में उनकी पूजा अर्चना की गई। उनके ही कहने पर चार प्रमुख त्योहार को गांववालों ने निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पहले मनाने की शुरुआत की। तब से यह सिलसिला जारी है। आसपास के गांवों के साथ साथ बालोद जिले के ग्राम अरकार, बोहारा, हसदा, भिरई, पलारी, डोटोपार, सनौद, पड़कीभाट, कोसागोंदी सहित 40 गांव के लोग सेमरा पहुंचते हैं। ग्रामीण सुधीर बल्लाल, चन्द्रहास, सिन्हा, पंडित ओमप्रकाश तिवारी, घनश्याम देवांगन आदि ने कहा कि पूर्वजों के जमाने से चली आ रही परंपरा को आगे भी कायम रखेंगे।

प्रतिमा के सामने बार-बार हो रहा था अतिक्रमण

# क्रेन की मदद से हटाई नंदी की प्रतिमा अब नई जगह पर होगी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा



नगरी ब्लॉक के ग्राम सांकरा में एक अनोखा मामला सामने आया, जहां नंदी चौक के पास स्थापित नंदी जी की प्रतिमा को हटा दिया गया। यह प्रतिमा समाजसेवी हितेश्वर सिन्हा के स्व. पिता एवं पूर्व जनपद सदस्य महेश सिन्हा द्वारा वर्षों पूर्व सांकरा-मैनपुर मुख्य मार्ग के किनारे स्थापित की गई थी।

जानकारी के अनुसार प्रतिमा के सामने बार-बार अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। समाजसेवी हितेश्वर सिन्हा ने कई बार स्थानीय लोगों को समझाइश दी कि नंदी जी की मूर्ति के सामने किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, किंतु इसके बावजूद बार-बार वहां दुकानें और ठेले लगाए जा रहे थे। श्री सिन्हा ने बताया कि नंदी जी की प्रतिमा के ठीक सामने अतिक्रमण के कारण मूर्ति पूरी तरह ढंक जाती थी, जिससे उन्हें धार्मिक अपमान का अनुभव होता था। इसी कारण उन्होंने क्रेन की सहायता से प्रतिमा को हटवाया। उनका कहना है कि नंदीजी की मूर्ति को अब किसी उपयुक्त और सम्मानजनक स्थान पर पुनः स्थापित किया जाएगा जहां श्रद्धालु बिना अवरोध के दर्शन कर सकेंगे

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 11,580 विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में धमतरी जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर से 11,580 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

परीक्षा में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय स्तर के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। धमतरी ब्लॉक से 3413, कुरुद से 2413, मगरलोड से 2039, भखारा से 1519, और महाविद्यालयों से 289 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा को सफल बनाने में कन्या महाविद्यालय, सेंटमेरी स्कूल, विद्याकुंज हटकेशर, मॉडल स्कूल, सिलघट, नगरी और भखारा जैसे संस्थानों का योगदान रहा।

जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि परीक्षा 22 राज्यों में 11 भाषाओं में आयोजित की जाती है और छात्रों को ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर पर पुरस्कार भी मिलते हैं। परीक्षा के सफल संचालन पर प्रदीप देवांगन, एलके यादव, धन्वंतरि नाग, डॉ. मेश्राम सहित अनेक गायत्री परिजनों ने आभार व्यक्त किया है।

# चटौद में स्वयंसेवकों ने किया पद संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पद संचलन एवं विजयादशमी उत्सव मनाया गया। स्वयंसेवकों ने बाजार चौक चटौद से पद संचलन शुरू कर गली भ्रमण किया। अतिथि मंडल कार्यवाहक एकांत साहू थे। अध्यक्षता गोवर्धन साहू ने की। प्रमुखों द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दायित्व की जानकारी दी गई।

मुख्य प्रवक्ता पोषण साहू, प्रमुख शिक्षक हरीश साहू, प्रार्थना प्रमुख भगवानदास साहू, सर्व व्यवस्थापक प्रमुख नोमेंद्र साह, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सिर्री मंडल अध्यक्ष डॉ लोकेश साहू, जनपद सदस्य कुरूद अनुराग साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिशंकर साहू सरपंच खेमलाल साहू, स्वयंसेवक ललित सिन्हा, राजेश साहू, दुर्जन साहू, गैंदलाल साहू, कुणाल विश्वकर्मा, कार्तिक साहू, सागर साहू, नीरज साहू समेत अन्य शामिल हुए।

# गोवर्धन पूजा महोत्सव को लेकर हुई सर्व यादव समाज की बैठक

- पदाधिकारियों ने गोवर्धनभाठा में टिन शेड निर्माण कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सर्व यादव समाज की बैठक मां शीतला के प्रांगण राधाकृष्ण यादव भवन में हुई। सभापति चिन्ताराम यादव और समाज के अध्यक्ष नंद यादव की अध्यक्षता में गोवर्धन पूजा महोत्सव पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा महोत्सव भव्य मनाया जाएगा। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि गोवर्धन पूजा महोत्सव विगत वर्षों से परंपरानुसार चली आ रही है, जो कहीं ना कहीं समाज की एकता और संगठन समानता को बनाए रखता है। बैठक में गोवर्धन पूजा महोत्सव को शांति और सुचारू रूप से मनाने के लिए समाज के युवा वर्ग को विशेष जिम्मेदारी दी गई। कृष्ण सजावट, कलश सजावट और राउत नाचा भी होगा। समाज के पदाधिकारियों ने गोवर्धन भाठा स्थल में पहुंचकर टिन शेड निर्माण कार्य का जायजा लिया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह धार्मिक और पवित्र स्थल है जिसका निर्माण मजबूती से होना चाहिए। बैठक में युवाओं का सम्मान किया गया। नए पदाधिकारियों का चयन 26 अक्टूबर को होगा। बैठक में नगरी, भोथली, तुमड़ीबहार, भैंसामुड़ा, खम्हरिया, पावद्वार, घटुला, बेलर क्षेत्र से युवा उपस्थित थे।

# अंवरी स्कूल में फलदार पौधे लगाए



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

कुरूद तहसील साहू संघ उपध्याक्ष लेखराम साहू ने अपने 58 वें जन्मदिन पर प्राथमिक शाला परिसर अंवरी में फलदार पौधे लगाए। मौके पर भखारा साहू संघ तहसील अध्यक्ष कामता साहू, दरबा परिक्षेत्र साहू संघ अध्यक्ष रामचंद्र साहू, उपाध्यक्ष जीवन साहू, महिला संगठन सचिव सुनीता साहू, तीरथराम साहू, रेखराम साहू, धनसिंग साहू, पुरूषोत्तम, भुनेश्वर साहू, सरस्वती साहू, लीलाराम यादव उपस्थित थे।

# 37 स्कूल के शिक्षकों को मिली बैंकिंग की जानकारी

- बोरसी स्कूल में दिया गया वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)



मगरलोड विकासखण्ड के संकुल केंद्र बोरसी और भोथा के शिक्षकों के लिए आयोजित मनी स्मार्ट टीचर कार्यक्रम के तहत वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसी में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र के मास्टर ट्रेनर विकास गुप्ता ने 37 स्कूल के शिक्षकों को सरल भाषा और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से आय-व्यय प्रबंधन, बजट बनाना, बचत एवं निवेश, बैंकिंग की जानकारी, डिजिटल भुगतान, बीमा, म्युचुअल फंड, एसआईपी, चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति, फाइनेंसियल गोल प्लानिंग, सेवानिवृत्ति एवं पेंशन योजना, साइबर सुरक्षा जागरूकता और धोखाधड़ी से बचाव जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ध्रुव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को व्यवहारिक जीवन के लिए तैयार करते हैं और उन्हें सही आर्थिक निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करते हैं। समन्वयक राजेश प्रसाद ने कहा कि वित्तीय शिक्षा न केवल व्यक्तिगत जीवन के लिए आवश्यक है, बल्कि यह नई पीढ़ी को भी सही वित्तीय दिशा देने में सहायक होगी।

मौके पर शिक्षक अनूप कुमार सिंह, मेलाराम ध्रुव, व्याख्याता अशोक कुमार सेन, शिक्षिका श्रीमती भाविका कंवर, प्रधानपाठक बिसंभर राम नागवंशी, चंद्रहास सिन्हा व्याख्याता, श्रीमती डिकेशप्रभा साहू, धनेश्वरी साहू, दिव्यांश जगताप, व्याख्याता डोमन लाल नवरंगे, हरिलाल गंजीर, कमलेश कुमार कौशल, प्रधानपाठक राजेश कुमार कौशल, मेघनाथ सिन्हा, व्याख्याता मोनेश्वरी ध्रुर्वे, निशा रंगारी, नीलकमल सिन्हा, नीलू कुमार सिन्हा, राजकुमार निषाद, रामनाथ खिलाड़ी, टिकेश्वर यादव, श्रीमती तोरण नागवंशी, केशरी ध्रुव, प्रधानपाठक टिकेश कुमार ध्रुव, राजेश कुमार साहू, प्रधान पाठक वेदराम सिन्हा उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत कन्हारपुरी स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

- न्योता भोज में छात्रों को खीर पूड़ी, भजिया, चॉकलेट, आचार-पापड़ खिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)



मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासकीय माध्यमिक शाला कन्हारपुरी का सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम नोडल अधिकारी उत्तरा कोसरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शासन द्वारा निर्धारित रूब ब्रिक्स 20 बिन्दुओं पर सामाजिक अंकेक्षण किया गया। भाषाई कौशल में हिन्दी, संस्कृत, इंग्लिश विषय में सुनना, पढ़ना, लिखना, बोलना, गणितीय कौशल में जोड़ना, घटाना, गुणा, भाग साइंस में चित्र चार्ट, अंतर करना, सामाजिक विज्ञान में सामान्य ज्ञान, शाला की अधो संरचना, शिक्षण अधिगम सामग्री, प्रायोगिक सामग्री के उपयोग, मुस्कान पुस्तकालय, एमडीएम, रसोई कक्ष, मध्यान्ह भोजन कक्ष, शिक्षक डायरी, बालक शौचालय, बालिका शौचालय, पाठ्यक्रम योजना, अध्यापन कक्ष, भवन की रंग रोगाई, अनुदान राशि, कृषि फंड, एसएमसी बैठक पंजी का सामाजिक अंकेक्षण किया गया।

प्रधानपाठक चंद्रभानसिंह साहू द्वारा बच्चों को न्योता भोज के रुप में खीर पूड़ी, भजिया, चॉकलेट, आचार-पापड़ खिलाया।

इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष दिलेश्वर साहू, समिति के सदस्य ओमप्रकाश ध्रुव, सीएसी भुनेश्वर साहू, लोकनाथ साहू, तोमेश्वर साहू, अशोक साहू, बिसहत साहू, अमोल दास, हिरेंद्र कंवर, श्रीमती दुरपत बाई, सीमा मेश्राम, पार्वती, कमला कंवर, शिक्षिका शांति सोनवानी, अशोक साहू, चमेली बाई, राजबाई, सुमरन, गोदीराम, मंगली, संगीता, पुनिया, भुवनसिंह, बसंती, ग्राम विकास समिति के सदस्य, संकुल समन्वय भुनेश्वर साहू, शिक्षक लोकनाथ साहू, रसोइया सहायिका, सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

जिपं अध्यक्ष ने रखी नींव, कहा : हर विद्यालय होगा हरित, स्वच्छ और प्रेरणादायी

# फरसियां स्कूल में उद्यान निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में सोमवार को उद्यान निर्माण कार्य का भूमिपूजन जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने केयिा।

इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती शशि ध्रुव, सरपंच केशव टेकाम, उपसरपंच त्रिलोक साहू, पूर्व शाला समिति अध्यक्ष शिवदयाल साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रिका साहू, ग्राम समिति अध्यक्ष सुभाष कश्यप, प्राचार्य नीरज सोन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर अरुण सार्वा ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं होता, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के संस्कार और संवेदनाओं का निर्माण स्थल होता है। जब बच्चे हरे-भरे और स्वच्छ वातावरण में पढ़ते हैं, तो उनमें प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना स्वतः विकसित होती है।

कार्यक्रम में प्रदीप सोन, कृष्ण साहू, भारत ध्रुव, सुदर्शन चनाप, भुनेश्वर, सुलोचना साहू, सचिव रामभरोष साहू, राजेश सिन्हा, निकेश मरकाम, ठाकुरराम साहू, दशरथ साहू, भीमसिंह गजेंद्र, चमन निर्मलकर, हरकराम साहू, पूर्व सरपंच द्रोपदी ध्रुव, अरुण प्रजापति, पुरनेश्वर साहू, माखन कासिव एवं रितेश पारख शामिल हुए। अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया और विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य नीरज सोन व आभार प्रदर्शन शाला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रिका साहू ने किया।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### चिन्हारी महोत्सव में शामिल होने औषधीय पादप बोर्ड के चेयरमेन को दिया आमंत्रण



**कुकरेल/धमतरी।** दुगली क्षेत्र की आराध्य देवी अंगारमोती माता के साल की प्रथम जात्रा, फूल मड़ई और चिन्हारी महोत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर को किया जायेगा। माता अंगारमोती लोककला संस्कृति विचार मंच एवं सेवा समिति दुगली के अध्यक्ष सुरेन्द्रराज ध्रुव, संरक्षक रोहित दीवान, जगन्नाथ मंडावी, श्यामाचरण मंडावी, पवन मंडावी ने रायपुर पहुंचकर महोत्सव के लिए छग औषधीय पादप बोर्ड एवं आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा के चेयरमेन विकास मरकाम को आमंत्रण देकर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया।

### केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष बने कमलेश



**कुरुद।** गत दिवस केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ का निर्वाचन हुआ, जिसके लिए धमतरी जिले में भी यहां के सामाजिक मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र बनाए गए थे। छग के 16 जिलों में मतदान किया गया। ग्राम खड़मा जिला गरियाबंद निवासी कमलेश सोरी केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उनके अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जीवराखनलाल मरई, ललित ठाकुर, झागेश्वर ध्रुव, शिव नेताम, उदय नेताम, एआर ठाकुर, जयपाल ठाकुर, बसंत ध्रुव, ढालूराम कतलम ने हर्ष जताया है।

### लिमतरा में नागकेसर एवं गुड़हल के पौधे रोपे



**धमतरी।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत लिमतरा परिक्षेत्रीय अध्यक्ष तरुण कुमार साहू एवं निवृतमान अध्यक्ष हंसराज साहू की उपस्थिति एवं शिक्षक घनश्याम सिंह साहू के सहयोग से परिक्षेत्रीय साहू समाजिक भवन लिमतरा के प्रांगण में नागकेसर एवं गुड़हल पुष्प का रोपण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती भुनेश्वरी साहू, रुक्मणि साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज धमतरी ग्रामीण, पन्नालाल साहू, चिरौंजीलाल, पूर्णिमा बनपेला, जानकी साहू, अनिल बनपेला, निर्मल साहू, गुलाब साहू, गोलू साहू, लीपचंद, भीमराज, संतोषी, राम-लखन, कोमल साहू, टीकाराम साहू, मोतीलाल साहू, अमरदास उपस्थित थे।

### पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक



**धमतरी।** पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक पुलिस जनसंवाद कक्ष में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर पंकज पटेल थे। अध्यक्षता होरीलाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि कुंवर सिंह नागवंशी, शत्रुघ्न पांडे थे। डॉ पंकज पटेल ने हड्डी रोग एवं उसके बचाव एवं उपचार की जानकारी दी। उनके साथ संतोष, संजय भी थे। नेमी कुमार साहू, रमेश कुमार साहू सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को संगठन का नया सदस्य बनाया गया। उन्हें फूलमाला एवं संस्था का गमछा तथा पत्रिका मैत्री भेंटकर सम्मान किया गया। जन्मदिन वाले सदस्य केएस नागवंशी, रमेश साहू का भी सम्मान हुआ। सेवानिवृत्त निरीक्षक दुकाल सिंह नेताम के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मंच संचालन उपाध्यक्ष अनिल सालुंके एवं आभार व्यक्त जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू ने किया।


### श्रुति लेखन में अनुराधा रही अव्वल



**धमतरी।** शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा श्रुति लेखन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में श्रवण कौशल का विकास करना, एकाग्रता एवं ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को बढ़ाना, भाषा कौशल को सशक्त बनाना तथा उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करना है। इस अवसर पर हिंदी विभाग की अतिथि सहायक प्राध्यापक सुश्री तीजन ने बताया कि श्रुति लेखन केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों के समग्र बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं को अनेक शब्दों को बोलकर सुनाया गया, जिसे ध्यानपूर्वक सुनकर उन्हें लिखना था। इससे उनकी सुनने, समझने और त्वरित लेखन क्षमता का मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अनुराधा सिन्हा प्रथम, मनीषा पटेल द्वितीय तथा कीर्ति तृतीय रही।

## ई-केवाईसी 20 तक कराना होगा अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रायपुर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार 5 साल से अधिक उम्र वाले सभी सदस्यों की ई-केवाईसी 20 अक्टूबर तक किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा उक्त राशनकार्डों को खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री की पात्रता ई-केवाईसी पूर्ण होते तक अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया जाएगा। खाद्य अधिकारी बीके कोर्राम ने बताया कि ई-केवाईसी के लिए गूगल प्ले स्टोर में लिंक उपलब्ध है, जिसके माध्यम से सदस्य ई-केवाईसी स्वयं कर सकते हैं या निकटतम शासकीय उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से भी ई-केवाईसी कराई जा सकती है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में प्रचलित राशनकार्ड 2 लाख 58 हजार 939 है, जिसमें 8 लाख 60 हजार 279 सदस्य हैं। उक्त 8 लाख 60 हजार 279 सदस्यों में 5 साल से अधिक उम्र के 63 हजार 744 सदस्यों द्वारा अब तक ई-केवाईसी नहीं कराई गई है।

### हटकेशर बस्ती में आरएसएस का विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन

# संघ भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में अग्रसर : सिदार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसी क्रम में हटकेशर बस्ती के बाजार चौक कला मंच में 11 अक्टूबर को विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हीरा महावर, मुख्य वक्ता विभाग संघचालक यज्ञराम सिदार, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मीनारायण साहू, विभाग सहकार्यवाह घनश्याम साहू राजिम, जिला संघचालक श्याम अग्रवाल और नगर सह संघचालक महेश शर्मा थे। कार्यक्रम का संचालन रूपेंद्र साहू ने किया। प्रार्थना सेवंत साहू, गीत कोमल सार्वा, सुभाषित उमेंद्र भारद्वाज और अमृत वचन अमित पटेल ने दिया। पथ संचलन में लगभग 60 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। संचलन रत्नाबांधा चौक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से होते हुए पुनः बाजार चौक पर सम्पन्न हुआ।

मुख्य वक्ता यज्ञराम सिदार ने शताब्दी वर्ष में संघ द्वारा उठाए गए पांच प्रमुख परिवर्तन और उनके लक्ष्य बताए। कार्य की व्यापकता से समाज के हर वर्ग तक पहुंच, सामाजिक समरसता और सद्भाव बढ़ाना, सेवा विस्तार के माध्यम से जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाना, तकनीकी समन्वय से संगठन को सशक्त बनाना और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सतत योगदान देना है। उन्होंने कहा कि संघ समाज के हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाकर भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में अग्रसर है। अध्यक्षीय उद्बोधन डॉ. हीरा महावर ने दिया।

### कोड़ेगांव मंडल के मोंगरागहन में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

## संघ व्यक्तिगत चरित्र नहीं, राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की प्रेरणा देता है : मोहनलाल





धमतरी विकासखंड के ग्राम मोंगरागहन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कोड़ेगांव मंडल के स्वयंसेवकों ने विजयादशमी उत्सव के साथ पथ संचलन किया। स्वयंसेवकों ने गांव के मुख्य मार्गों, गली मोहल्लों में पथ संचलन किया। रंगमंच परिसर में मंचीय कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि रमेश निषाद थे। अध्यक्षता राधेश्याम नेताम ने की। मुख्य वक्ता मोहनलाल साहू प्रांत सहसेवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ थे। मुख्य अतिथि श्री निषाद ने संघ को देश एक मात्र सनातन संस्कृति का रक्षक संगठन बताते हुए एकजुटता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता मोहनलाल साहू ने संघ के निर्माण, कार्यशैली पर प्रकाश डाला। कहा कि संघ ने अपनी धैर्यता, राष्ट्र सेवा की भावना से जीत हासिल की। बाहर से आए मुट्ठी भर के लोगों ने देश में सत्ता हासिल कर संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया। हमें समाज में एकजुटता का परिचय देना होगा। आगे कहा कि संघ का उद्देश्य भारत माता और सनातन संस्कृति की सुरक्षा और सम्मान के लिए चिंतन करना है। हम सभी को मिलजुलकर रहना होगा।

संघ व्यक्तिगत चरित्र नहीं अपितु राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में रामभरोसा उईके, चंद्रहास साहू, जनक ठाकुर, नवरत्न गावड़े, शत्रुघ्न साहू, बालकृष्ण निषाद, रंजीत निषाद, परमानंद यादव, उमेश देवांगन, तिलक देवांगन, सुरेश साहू, दाऊलाल साहू, पुरुषोतम कौशिक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संचालक राधेश्याम नेताम, खंड कार्यवाह अजय साहू, खंड सह कार्यवाह मनोहर लाल साहू, मंडल कार्यवाह हेमंत साहू, जिला पर्यावरण संयोजक भेदूप्रकाश साहू, हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद, सहसंयोजक चित्रेश साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

# सिहावा रोड की जल्द होगी मरम्मत

- मौसम के अनुकूल होने पर 15 अक्टूबर से शुरू होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल सिहावा चौक से भोयना तक की सड़क की बदहाल स्थिति से नागरिक लंबे समय से परेशान हैं। जगह-जगह गहरे गड्ढे, उड़ती धूल और उखड़ी सड़कें आमजन के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई हैं। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अब इस मार्ग के डामरीकरण, रिपेयरिंग को लेकर नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग ने कमर कस ली है। नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। जानकारी के अनुसार यदि मौसम अनुकूल रहा और बारिश नहीं हुई तो 15 अक्टूबर से सिहावा रोड पर डामरीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ एमडी पैकरा ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ठेकेदार द्वारा डामर प्लांट में मटेरियल स्टॉक कर लिया गया है, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण कार्य में विलंब हो रहा है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष दीपावली से पहले अछोटा पुल के ऊपर जर्जर सड़क का डामरीकरण किया गया था, लेकिन मात्र एक वर्ष में ही सड़क की परत उखड़ गई है। इससे आए दिन वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पुल के हिस्से की भी मरम्मत की जाएगी।

## आमदी में गौरव पथ, रत्नाबांधा चौक से मुजगहन बाईपास तक फोरलेन सड़क की मांग

- विधायक ओंकार ने लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विधायक ओंकार साहू ने रायपुर में उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री डॉ. अरुण साव से भेंटकर क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों की जानकारी दी और बजट में शामिल प्रमुख सड़क परियोजनाओं को शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया।

विधायक ओंकार साहू ने बताया कि धमतरी विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं विकास की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नगर पंचायत आमदी में गौरव पथ निर्माण, रत्नाबांधा चौक से मुजगहन बाईपास तक फोरलेन रोड, सिहावा चौक से नहर नाका चौक तक फोरलेन सड़क निर्माण जैसे बजट में शामिल कार्यों को शीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। इन सड़कों के निर्माण से धमतरी जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और नागरिकों को जर्जर सड़कों से राहत प्राप्त होगी। विधायक ने क्षेत्र में स्वीकृत चार प्रमुख सड़कों देमार से तरसींवा मार्ग, गुजरा से रींवागहन मार्ग, सिविल लाइन कॉलोनी पहुंच मार्ग, पोटियाडीह से खरतुली मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्यों की स्वीकृति के लिए विभागीय मंत्री डॉ. अरुण साव का आभार व्यक्त किया।

## सिवनीकला में 6.50 लाख से बनेगा पटेल समाज भवन



- भूमिपूजन के दौरान बालिकाओं ने किया सुआ नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत सिवनीकला के आबादी पारा में विधायक निधि 6.50 लाख से बनने वाले पटेल समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। विदित हो कि पटेल समाज के लोगों ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के समक्ष भवन की मांग रखी थी जिसे विधायक ने पूरा किया। स्वीकृति मिलने पर भूमिपूजन गोधूलि बेला में किया गया।

इस मौके पर गांव की बालिकाओं ने भूमिपूजन स्थल पर सुआ नृत्य भी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टेकराम साहू जनपद सदस्य थे।अध्यक्षता कपिल देव पटेल जीजामगांव राज अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि विक्रम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, लता ध्रुव सरपंच, दीपदान साहू उपरपंच, दाऊ टिकेश्वर चंद्राकर, कुलेश्वर पटेल अध्यक्ष ग्रामीण समाज, गुहाराम साहू, पृथ्वी ध्रुव, दिलीप साहू, सुरेश साहू, डिलेंड यादव, किशन पटेल, टीकम पटेल, भूपेंद्र पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, टिकेंद्र पटेल, ललित पटेल, शोभित जज पटेल, मनहर पटेल, नेहरू पटेल, कौशिक पटेल, ढेलू पटेल, बालाराम पटेल, सरस साहू, पंचगण राधिका पटेल, गायत्री साहू, अंकुश चंद्राकर, सुरेश हिरवानी, दिलेश्वर साहू, कुंजीलाल साहू, बद्री पटेल, खिलावन चंद्राकर थे।



## हाईवे पर खड़ी हुई जेसीबी, विपक्षी पार्षदों ने धक्का मारकर किया सांकेतिक प्रदर्शन

- सोरिद वार्ड में सफाई कार्य के दौरान डीजल खत्म होने पर जेसीबी मशीन हुई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम में डीजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। निगम के भीतर डीजल को लेकर चल रही चर्चाएं अब सड़कों तक पहुंच चुकी हैं। सोरिद वार्ड में सफाई कार्य के दौरान नगर निगम की एक जेसीबी मशीन डीजल खत्म होने के कारण बीच मेन हाईवे पर ही बंद हो गई। यह स्थिति करीब ढाई घंटे तक बनी रही।

डीजल खत्म होने से सड़क के बीच खड़ी जेसीबी ने न केवल आवागमन बाधित किया, बल्कि नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए। सूचना मिलते ही विपक्षी पार्षद मौके पर पहुंचे और नाराजगी व्यक्त करते हुए सांकेतिक रूप से जेसीबी को धक्का मारकर विरोध प्रदर्शन किया। नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष श्री देवांगन ने कहा कि नगर निगम में हर दिन नई घोषणाओं की बात की जाती है, परंतु आज तक किसी भी कार्य का भूमिपूजन तक नहीं हुआ। विकास कार्यों का नाम केवल कागज़ों में सीमित रह गया है। अब स्थिति यह हो गई है कि निगम अपने वाहनों में डीजल तक नहीं डलवा पा रहा है। सवाल उठता है कि आखिर डीजल जा कहां रहा है। क्या निगम में अब भी डीजल चोरी का खेल जारी है। पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम ने कहा कि नगर निगम में डीजल की कमी कोई नई बात नहीं है। कई बार वार्ड पार्षदों को यह कहकर वाहन नहीं दिए जाते कि डीजल उपलब्ध नहीं है।

सवाल यह है कि जब निगम के पास हर माह डीजल का बजट स्वीकृत होता है, तो फिर डीजल की कमी क्यों बनी रहती है। आखिर यह डीजल जाता कहां है। गजानंद रजक ने कहा कि निगम के वाहन अगर कार्य स्थल पर डीजल खत्म होने से बंद हो रहे हैं तो यह प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा उदाहरण है। एक ओर जनता को विकास कार्यों का सपना दिखाया जा रहा है और दूसरी ओर निगम के वाहन ईंधन के लिए तरस रहे हैं। यह बेहद शर्मनाक स्थिति है।

### रामपुर स्कूल में छात्राओं को मिली साइकिल

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में बालिकाओं को साइकिल प्रदान की गई। इसी के साथ ही विद्यालय में सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम भी रखा गया। इसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी के प्राचार्य श्रवण कुमार साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। कार्यक्रम में प्राचार्य आरके बघेल, ऋषि कुमार साहू, उत्तम कुमार रात्रे, मेघुराम साहू, श्रवण कुमार साहू समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।







